KNLS LIVE
24x7 KNLS लाइव हर खबर सच
आपका अपना चैनल
www.knlslive.com
join now
9027776991

दैनिक प्रातः कालीन हिन्दी-अंग्रेजी समाचार पत्र

# क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद से प्रकाशित


Title Code UPBIL05086

दैनिक समाचार पत्र क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता एवम् विज्ञापन प्रतिनिधियों की आवश्यकता है। सम्पर्क करें
9027776991
knlslive@gmail.com

वर्ष :- 02 अंक :- 56 | मुरादाबाद, 19 June 2021 (Sunday) | पृष्ठ :- 04 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## अग्निवीरों के लिए रक्षा मंत्रालय में भी 10 फीसदी आरक्षण, कोस्ट गार्ड-सिविल डिफेंस से लेकर 16 पीएसयू में मिलेगी नौकरी



रक्षा मंत्रालय की तरफ से कहा गया है कि भर्ती नियमों में जल्द ही बदलाव किए जाएंगे। इसी तरह सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों को भी बदलाव के निर्देश देंगे। गृह मंत्रालय के बाद रक्षा मंत्रालय ने एलान किया है कि वह अग्निपथ योजना में चार साल की ट्रेनिंग पूरे करने वाले अग्निवीरों को अलग-अलग विभागों में 10 फीसदी आरक्षण मुहैया कराएगा। रक्षा मंत्री कार्यालय की तरफ से ट्वीट में कहा गया कि अग्निवीरों को भारतीय कोस्ट गार्ड से लेकर डिफेंस सिविलियन पोस्ट्स में यह आरक्षण दिया जाएगा। इसके अलावा डिफेंस सेक्टर से जुड़ी पब्लिक सेक्टर अंडरटेकिंग में भी युवाओं की भर्ती की जाएगी। यह रिजर्वेशन पूर्व सैन्यकर्मी को दिए जाने वाले आरक्षण से अलग होगा। रक्षा मंत्रालय की तरफ से कहा गया है कि भर्ती नियमों में जल्द ही बदलाव किए जाएंगे। इसी तरह सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों को भी बदलाव के निर्देश देंगे। अग्निवीरों को भर्ती के लिए आयु नियमों में भी छूट देंगे। इससे पहले गृह मंत्रालय ने भी एलान किया था कि अग्निपथ स्कीम के तहत चुने गए युवाओं को चार साल पूरे करने के बाद सीएपीएफ और असम राइफल्स जैसे बलों में 10 फीसदी आरक्षण देगा। गृह मंत्रालय की तरफ से ट्वीट में कहा गया है कि अग्निवीरों को इन दोनों केंद्रीय बलों में भर्ती के लिए उम्र की अधिकतम सीमा से भी तीन साल ज्यादा तक की छूट मिलेगी। वहीं, अग्निवीरों के पहले बैच के लिए यह छूट पांच साल की होगी। सरकार की तरफ से यह एलान ऐसे समय में आया है, जब पूरे देश में अग्निपथ स्कीम को लेकर युवा सड़क पर उतरकर प्रदर्शन कर रहे हैं। बिहार के जहानाबाद में आज फिर प्रदर्शनकारियों के एक गुट ने बसों और ट्रकों में आग लगा दी। फिलहाल इस स्थिति को नियंत्रण में रखने के लिए कई जिलों में धारा 144 लगाई गई है। साथ ही इंटरनेट भी बंद करने का फैसला किया गया है। केंद्र सरकार ने इससे पहले अग्निवीरों के भविष्य को लेकर कई तरह के आश्वासन दिए। सरकार ने कहा था कि जहां अग्निपथ स्कीम में शामिल होने वाले युवाओं में 25 फीसदी चार साल बाद सीधे सेना का हिस्सा बन जाएंगे, वहीं बाकियों को अन्य भर्तियों में प्राथमिकता मिलेगी। भाजपा शासित राज्यों जैसे असम, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और हरियाणा ने एलान किया था कि वे राज्य पुलिस भर्ती में अग्निवीरों को प्राथमिकता देंगे।

## एक बार फिर लड़कों से ज्यादा लड़कियां हुईं पास, मुरादाबाद की संस्कृति ठाकुर और किरन अव्वल



- कानपुर के प्रिंस पटेल टॉपर
- मुरादाबाद की संस्कृति ठाकुर दूसरे नंबर पर
- दूसरे स्थान पर दो छात्राएं हैं।
- मुरादाबाद की संस्कृति ठाकुर दूसरे स्थान पर
- कानुपर नगर की किरन कुशवाहा दूसरे नंबर पर
- कनौज के अनिकेत शर्मा तीसरे नंबर पर
- प्रयागराज से आस्था चौथे नंबर पर
- सीतापुर से एकता पांचवें नंबर पर
- सीतापुर की शीतल वर्मा छठे नंबर पर
- मऊ की हर्षिता शर्मा सातवें नंबर पर
- वाराणसी के अशुतोष कुमार आठवें नंबर पर
- रायबरेली के अजय प्रताप आठवें नंबर पर

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से यूपी बोर्ड कक्षा 10वीं का परिणाम जारी हो गया है। हाई स्कूल का 88.18 फीसदी परिणाम रहा। लड़कों में कानपुर के प्रिंस पटेल ने टॉप किया है। लड़कियों में मुरादाबाद की संस्कृति ठाकुर पहले नंबर पर रहीं हैं देवरिया की अंशु यादव ने 96 प्रतिशत अंकों के साथ प्रदेश की सूची में पाया 10वां स्थान यूपी बोर्ड की हाईस्कूल परीक्षा के परिणाम में देवरिया जिले के भटनी क्षेत्र की कौला डाबर गांव की रहने वाली अंशु यादव ने प्रदेश की टॉप टेन सूची में स्थान पाया है। इसके साथ ही उन्होंने मंडल टॉप भी किया है। अंशु ने ग्रामीण प्रतिभा का लोहा भी मनवाया है। अंशु के पिता दिनेश यादव किसान एवम मां सरिता देवी गृहिणी हैं। अंशु भटनी क्षेत्र के श्री वचन डॉ. भीमराव आंबेडकर इंटर कॉलेज भरहे चौरा की छात्रा हैं। 93.83 प्रतिशत

### अंक के साथ वैष्णवी ने पाया जिले में पहला स्थान

शनिवार को यूपी बोर्ड के हाईस्कूल का परीक्षा फल घोषित किया गया। बदायूं जिले की तहसील बिसौली के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की छात्रा वैष्णवी ने 93.83 प्रतिशत अंक हासिल करके जिले में पहला स्थान प्राप्त किया। कस्बा रुदायन के विद्यापति गर्ल्स इंटर कॉलेज की छात्रा नैंसी ने 92.50 प्रतिशत अंक हासिल कर जिले में दूसरा स्थान प्राप्त किया। वही बदायूं शहर के श्री राम सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के छात्र प्रहास 92.17 प्रतिशत अंक हासिल कर तीसरे स्थान पर रहे।

### 94.5 फीसद अंकों के साथ बीसलपुर के अनुज बने जिला टॉपर

पीलीभीत के बीसलपुर के सरस्वती विद्या मंदिर कॉलेज के अनुज गंगवार ने 94.5 फीसद अंकों के साथ जिला टॉप किया है। बीसलपुर के ही अभय गंगवार और संतोष कुमार ने 94.17 फीसद अंक पाकर संयुक्त रूप दूसरा स्थान हासिल किया है। बीसलपुर के अभिषेक और रिषभ ने 93.83 फीसद अंक हासिल करते हुए संयुक्त रूप से तीसरा स्थान हासिल किया है।

www.knlslive.com

## सोनिया गांधी ने अग्निपथ को बताया दिशाहीन, केंद्र पर युवाओं की आवाज नजरअंदाज करने का आरोप




कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पीएम नरेंद्र मोदी पर तंज करते हुए कहा था कि माफीवीर पीएम को कृषि कानूनों की तरह यह योजना भी वापस लेनी पड़ेगी। दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने सेना में भर्ती की अग्निपथ योजना को दिशाहीन करार दिया है। उनकी ओर से पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने एक बयान जारी किया। इसमें केंद्र सरकार पर आरोप लगाया गया है कि वह युवाओं की आवाज को नजरअंदाज कर रही है। बयान में कहा गया है कि सेना में भर्ती की नई योजना पूरी तरह से दिशाहीन है। सोनिया गांधी ने युवाओं से अहिंसक और शांतिपूर्ण तरीके से विरोध की अपील की। कहा कि इस आंदोलन में कांग्रेस युवाओं के साथ है।

### सोनिया गांधी ने कहा, युवाओं का दर्द समझती हूं

युवाओं के नाम जारी बयान में सोनिया गांधी ने कहा है कि आप सेना में भर्ती होकर देशसेवा का महत्वपूर्ण काम करने की अभिलाषा रखते हैं। सेना में लाखों पद खाली होने के बाद भी पिछले तीन साल से भर्ती नहीं होने का दर्द मैं समझ सकती हूं। एयरफोर्स में भर्ती परीक्षा देकर रिजल्ट व नियुक्ति का इंतजार कर रहे युवाओ के साथ मेरी पूरी सहानुभूति है। मुझे दुख है कि सरकार ने आपकी आवाज को दरकिनार कर नई आर्मी भर्ती योजना की घोषणा की है, जो कि पूरी तरह से दिशाहीन है। आपके साथ कई पूर्व सैनिक व रक्षा विशेषज्ञों ने भी इस पर सवाल उठाए हैं। कांग्रेस आपके साथ पूरी मजबूती से खड़ी है। योजना को वापस करवाने के लिए संघर्ष करने व आपके हितों की रक्षा करने का वादा करती है। हम एक सच्चे देशभक्त की तरह सत्य, अहिंसा, शांति व संयम के मार्ग पर चलकर सरकार के सामने आपकी आवाज उठाएंगे। आप से अनुरोध है कि जायज मांगों के लिए आप शांतिपूर्ण व अहिंसक ढंग से आंदोलन करें। इससे पहले आज सुबह कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पीएम नरेंद्र मोदी पर तंज करते हुए कहा था कि माफीवीर पीएम को कृषि कानूनों की तरह यह योजना भी वापस लेनी पड़ेगी।

## वडोदरा में बोले पीएम मोदी- हमारी डबल इंजन की सरकार ने पिछले आठ वर्षों में महिलाओं को सशक्त बनाया



प्रधानमंत्री ने कहा, आज भारत के आध्यात्मिक और सांस्कृतिक गौरव फिर से स्थापित हो रहे हैं। आज नया भारत अपनी आधुनिक आकांक्षाओं के साथ-साथ अपनी प्राचीन धरोहर और प्राचीन पहचान को उसी उमंग और उत्साह के साथ जी रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात में हैं। उन्होंने पावागढ़ पहाड़ी पर पुनर्विकसित कालिका माता मंदिर का उद्घाटन किया। इस दौरान उनके साथ मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल भी मौजूद रहे। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा आज सदियों बाद पावागढ़ मंदिर में एक बार फिर से मंदिर के शिखर पर ध्वज फहरा रहा है। यह शिखर ध्वज केवल हमारी आस्था और आध्यात्म का ही प्रतीक नहीं है। यह शिखर ध्वज इस बात का भी प्रतीक है कि सदियां बदलती हैं, युग बदलते हैं, लेकिन आस्था का शिखर शाश्वत रहता है। प्रधानमंत्री ने कहा, आज भारत के आध्यात्मिक और सांस्कृतिक गौरव फिर से स्थापित हो रहे हैं। आज नया भारत अपनी आधुनिक आकांक्षाओं के साथ-साथ अपनी प्राचीन धरोहर और प्राचीन पहचान को उसी उमंग और उत्साह के साथ जी रहा है। हर भारतीय उस पर गर्व कर रहा है। उन्होंने कहा, पहले पावागढ़ की यात्रा कठिन थी, लोग कहते थे कि कम से कम जीवन में एक बार माता के दर्शन हो जाएं। आज यहां बढ़ रही सुविधाओं ने मुश्किल दर्शन को सुलभ कर दिया। अब बच्चे, जवान, बुजुर्ग, दिव्यांग आसानी से मां के चरणों में आकर भक्ति और प्रसाद का लाभ ले सकते हैं

### पीएम मोदी ने वडोदरा में लोगों को किया संबोधित

इसके बाद पीएम मोदी वडोदरा में गुजरात गौरव अभियान में हिस्सा लिया। पीएम मोदी ने 16,000 करोड़ रुपये से अधिक की रेलवे परियोजना का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने अपना संबोधन भी दिया। पीएम मोदी ने कहा कि 21वीं सदी के भारत के तेज विकास के लिए महिलाओं का तेज विकास, उनका सशक्तिकरण उतना ही जरूरी है। आज भारत, महिलाओं की आवश्यकताओं, उनका आकांक्षाओं को ध्यान में रखते हुए योजनाएं बना रहा है, निर्णय ले रहा है।

डबल इंजन की सरकार ने पिछले 8 वर्षों में महिलाओं को सशक्त बनाया- पीएम मोदी ने कहा कि हमारी डबल इंजन की सरकार ने पिछले 8 वर्षों में महिलाओं को सशक्त बनाया है। उनका सशक्तिकरण भारत के विकास के लिए अनिवार्य है। आज सेना से लेकर खदान तक महिला कल्याण को ध्यान में रखकर नीतियां बनाई जा रही हैं।

### वडोदरा मां की तरह संस्कार देने वाला शहर- पीएम मोदी

पीएम मोदी ने कहा कि वडोदरा मातृशक्ति के उत्सव के लिए एक उपयुक्त नगर है क्योंकि यह मां की तरह संस्कार देने वाला शहर है, वडोदरा संस्कार की नगरी है। ये शहर हर प्रकार से यहां आने वालों को संभालता है, सुख-दुख में साथ देता है और आगे बढ़ने के अवसर देता है।

### महिलाओं को ज्यादा से ज्यादा अवसर मिले- पीएम मोदी

पीएम मोदी ने कहा कि हमने महिलाओं के जीवन चक्र के हर पड़ाव को ध्यान में रखते हुए अनेक नई योजनाएं बनाई हैं। महिलाओं का जीवन आसान बनें, उनके जीवन से मुश्किलें कम हो, उन्हें आगे बढ़ने के ज्यादा से ज्यादा अवसर मिलें, ये हमारी सरकार की प्राथमिकताओं में से एक है।

### गुजरात में पंचायती राज संस्थाओं में 50त्न आरक्षण महिलाओं के लिए- पीएम मोदी

पीएम मोदी ने कहा कि गुजरात देश के उन राज्यों में है जहां पंचायती राज संस्थाओं में 50त्न आरक्षण महिलाओं के लिए है। ग्रामीण बहनों को आर्थिक रूप से सशक्त करने के लिए गुजरात में जब हम स्वर्ण जयंती मना रहे थे, उस समय हमनें मिशन मंगलम शुरू किया था।

www.knlslive.com

## अग्निपथ योजना को लेकर जयंत चौधरी के खच्चर वाले बयान से भड़के लोग, भाषायी मर्यादा पर दी नसीहत



यूपी में अग्निपथ योजना का विरोध कर रहे जयंत चौधरी ने गृह मंत्रालय का ट्वीट शेयर करते हुए ऐसा कमेंट किया कि लोग भड़क गए। सोशल मीडिया पर जयंत चौधरी को भाषा की मर्यादा का ध्यान रखने की सलाह मिलने लगी। वहीं कुछ लोगों ने जयंत चौधरी के बयान को सेना का अपमान बताते हुए कहा कि ये यहुवाओं के आत्मसम्मान पर प्रहार है। दरअसल अग्निपथ योजना को लेकर केंद्रीय गृह मंत्रालय ने फैसला किया था कि केंद्रीय सशस्त्र सैनिक बल और असम राइफल्स में अग्निवीरों की भर्ती के लिए 10 फीसदी सीटें आरक्षित होगी। इसके अलावा असम राइफल्स में भर्ती के लिए अग्निवीरों के लिए तय की गई आयु सीमा में 3 साल की छूट मिलेगी। गृह मंत्रालय के ट्वीट को कोट करते हुए जयंत चौधरी ने लिखा- खच्चर को घोड़ा बनाने की कोशिश जा रही है। जयंत चौधरी के ट्वीट के नीचे एक शख्स ने कमेंट में लिखा जिस पार्टी में 40 साल खपाने के बाद भी परिवार के अलावा किसी और को पार्टी अध्यक्ष बनने की गारंटी न हो,वो पूछ रहे हैं कि 4 साल की ट्रेनिंग के बाद युवाओं के भविष्य की क्या गारंटी है? वहीं एक और यूजर ने जयंत चौधरी से पूछा कि क्या आपके लिए देश के जवान खच्चर हैं? जयंत चौधरी के ट्वीट से खफा एक और यूजर ने उन्हें रिप्लाई में लिखा- कहना क्या चाहते हो, CAPFs, AR क्या खच्चर हैं!? अग्निपथ पर बहस करो, लेकिन सेना के मुद्दे पर भाषा की मर्यादा रखो। कि उनकी पार्टी आरएलडी यूपी के हर जिले में इसका विरोध करेगी।

# संपादकीय Editorial

## Small administrative alliance

If the secretariat of all the states can understand the difference between feeding and plucking flowers in the garden of good governance, then the meeting of the Chief Secretaries in Dharamsala will be noble. In the conference of Chief Secretaries, the desire to try to extract new consciousness from the old files and find a new wave of administrative decentralization was expressed and where the Prime Minister himself presented prominently the vision which could strengthen the local possibilities. In this, the words derived from the point of view of 'Vocal for Local' will have to be expressed in their dialect and local concerns. If new thinking is created at the bottom of the administrative units on the local soil, then the resolve of self-reliance will be fulfilled. While building a bigger picture of the country, we forget that regionally there should be small administrative alliances. They can refine plans within states and in collaboration with neighboring states. The diversification of crops in the field will not only improve the traditional farming, but will also adopt the scientific approach, but the analysis should be of the tired practice in agriculture and horticulture universities, Krishi Vigyan Kendras and research centres. If we refer to Himachal itself, sometimes we become Tees Maar Khan in mushroom production, sometimes Angoras stand up as wool producers, but after some time our moments of praise become squid. Innovation in agriculture, horticulture or rural economy in Himachal has been a duty-free only. If we take honey production only, then when the farmer produces it with full enthusiasm, then due to the shortcomings of collection and marketing, he is not able to recover his price. For this, all the revolutions in the administrative structure of the development block are desired and many block development officers prove them and bring the market closer, but all the merits of such performance are washed away in the unexpected transfer. The hard work and revolutionary slogans to bring change in the administrative mind are not analyzed on the ground on which they speak. The chapter on terms, practices and innovations of any administrative officer is closed when his/her untimely transfer or change of liability occurs. If a BDO is compelled to fulfill its responsibility under the umbrella of an educational institution the next moment, the touch of the methodology will change. In the context of Himachal, the administrative set-up appears even more unexpected. Here the administrative periphery has become so narrow in limited circles that without political intervention no one can kill even a bird. In the need of tough and tough decisions, if the administration is not allowed to move an inch, then it is impossible to take any kind of innovation or revolutionary initiative. be declared vehicular barred, so why the same concept cannot be replicated in other major cities of the state. The highest administrative officer of Himachal cannot shoot arrows against encroachment. Where citizens stand as a class among the people, administrative compulsions increase in front of politics. The most important thing will be if we can wake up the old files of the schemes and decide which area of ??the state has priority. Has every department of Himachal been able to decide where this state should stand in the next 25 years. It may be easy for us to add new dimensions of development, but it is difficult even today to create a state-level picture of regional management and management of development. If we are not able to decide how to solve the challenges of urbanization of the state or what should be the nature of tourism for the state, then somewhere the administrative independence-originality in our plans and priorities is proving to be disturbed or inefficient.

## Shamshera Poster: Ranbir Kapoor's look leaked from 'Shamshera', people told copy of this Hollywood film!

Actor Ranbir Kapoor has many film projects one after the other. His fans are also eagerly waiting for all his films. Recently, the banging trailer of Ranbir's film Brahmastra was released. So right now Ranbir's unique look from the film Shamshera is going viral on social media. Ranbir Kapoor is seen in a completely different and unique style in this poster. But the surprising thing is that this poster has not been officially released, it is only going viral on social media. It is believed that the poster of the film has been leaked or it is fan made. Well, whatever the matter, seeing this look of Ranbir in Shamshera, people are also trolling the film and sharing a lot of memes. Ranbir's look leaked from Shamshera- According to reports, Ranbir Kapoor's film Shamshera will hit the theaters on July 22. Apart from him, Vaani Kapoor, Sanjay Dutt will be in the lead role in the film. Seeing this poster, fans are praising Ranbir Kapoor. People say that the actors will be in a completely different style. This killer look of Ranbir is very much liked by the fans. The actor has not acted in any such film before, so obviously the fans are quite excited for it. Comparison with Hollywood film - While some people are trolling both the actor and the makers on social media after seeing Ranbir Kapoor's look in Shamshera. Not only this, many memes are also being shared with this poster which is going viral. On social media, Ranbir Kapoor's look is being compared with the poster of Hollywood hit film 'Thor: Love and Thunder'. Ranbir's role will be strong in Shamshera- Let me tell you, the makers had shared a small teaser of Shamshera. In which Sanjay Dutt, Vaani Kapoor tell about Shamshera in their voice and then Ranbir Kapoor says, 'But no one gives you freedom. You have to win it. Dacoit from Karam, Shamshera free from religion! Karan Malhotra is the director of the film and it stars Ashutosh Rana, Ronit Roy, Saurabh Shukla in lead roles.



## Akshay Kumar's 'Ram Setu' will be released in theaters not on OTT, producer told what will be the release date



After the flops of 'Bachchan Pandey' and 'Samrat Prithviraj', the pressure of giving a hit film on Akshay Kumar has increased a lot. After giving back to back 2 flops, now a lot will depend on Akshay Kumar's third film. Till now it was believed that Akshay Kumar's upcoming film 'Ram Setu' will be released on OTT, but now shocking everyone, the makers have announced to release this film in theaters. Ram Setu will be released in theaters not OTT - It was believed that after 2 consecutive films of Akshay Kumar flopped, now Ram Setu will be released on OTT platform whose name is to be finalised. But the makers have said with full confidence to release the film in theaters. Trade analyst Taran Adarsh ??has given information about this to the fans by tweeting. 'Ram Setu' will celebrate Diwali in theaters - Taran Adarsh ??wrote in his tweet, 'Ram Setu will be released in theaters, not on OTT. Akshay Kumar starrer Ram Sethu will release in theaters and not on any digital platform, as was being speculated on social media till now. Ram Setu Diwali 2022 will be celebrated in theatres, as promised. Producer Vikram Malhotra has said it clearly. What will be the story of the film Ram Setu? - Obviously this is a good news for the fans of Akshay Kumar. The story of the film will be about an archaeologist played by Akshay Kumar. According to the information available so far, the film will seek answers to all the questions related to the existence of Ram Setu. The trailer of the film has not been released yet, for which the fans are eagerly waiting.

## MS Dhoni's advice made Hardik Pandya a 'dangerous' finisher, know what was the 'Gurumantra'



Hardik Pandya had to sit out of the team after the ICC T20 World Cup 2021. Before the mega auction of the Indian Premier League 2022, he was not retained by Mumbai Indians and then Gujarat Titans made him their captain. Hardik led the all-new franchise team in IPL 2022 and also made it the champion. In IPL 2022, Hardik played the role of a finisher as well as captaincy and bowled well, after which he got a place in the Indian team for the five-match T20 series against South Africa. In the first four matches, Hardik has impressed with his batting. A video of Hardik and Dinesh Karthik's conversation on BCCI has been shared, in which Hardik told how a Gurumantra of Mahendra Singh Dhoni changed him completely. Hardik and Dinesh Karthik together took Team India to a fine score of 169 in the match played in Rajkot on Friday. After the match, the two were talking among themselves, in which Karthik asked him how he handles the pressure, to which Hardik replied, 'Once I asked Mahi bhai (MS Dhoni) that he How do you stay so calm under pressure? On which he explained to me in very simple words. He told me that when you are at the crease, forget your score and think what the team wants from you. 'This one thing remained in my mind and now I follow it,' Hardik said. Hardik also praised Dinesh Karthik fiercely. Hardik told in this video how Dinesh Karthik has become an example for many people.

## Jos Buttler gave credit to IPL for record breaking innings against Netherlands, said - Confidence made work



When Rajasthan Royals star batsman Jos Buttler, who won the Orange Cap in the Indian Premier League 2022, took the bat for the England team 19 days later, he was seen in the same rhythm from which he left IPL 2022. In the first match of the three-match series against the Netherlands, England had scored 498 runs in 50 overs, out of which 162 not out came off Butler's bat. Butler hit seven fours and double sixes. After the match, Butler gave the credit of his record-breaking innings to the IPL. Butler said after the match, 'IPL could not have gone better for me than this. I had a lot of fun and it gives you a lot of confidence. I was feeling myself in a good rhythm when I came here. Butler plays for Rajasthan Royals and his team reached the finals this time. Butler scored a total of 863 runs in IPL 2022 with four centuries and as many fifties. Regarding playing white ball cricket for England, Butler said, 'I have said this many times before that it is very special to play for your team. It feels good to be back in the team. Butler was adjudged man of the match for his brilliant innings.

## Jhanvi's Good Luck Jerry to stream on Disney Plus Hot Star on 29th July

Mumbai Bollywood actress Jhanvi Kapoor's film Good Luck Jerry will stream on Disney Plus Hotstar on July 29. Jhanvi Kapoor's upcoming film Good Luck Jerry is being released directly on the OTT platform. Disney Plus Hotstar announced this. Jhanvi has given this information by sharing two posters of the film. Jhanvi has asked her fans for good luck for the film. Janhvi Kapoor wrote, "Nickal padi hoon main a new adventure, good luck nahi bollenge, good luck Jerry will be streamed on 29th July on Disney+ Hotstar". The film is being released under Disney Plus Multiplex. Good Luck Hotstar Jerry is a thriller film directed by Siddharth Sen. It is co-produced by Aanand L Rai. Jhanvi completed the shooting of this film in March. Deepak Dobriyal, Meeta Vashisht, Neeraj Sood and Sushant will be seen in the lead roles in the film. The film is a remake of the 2018 Tamil film Kolamavu Nightingale.



## बिजली किल्लत से हर दिन जूझ रहे आवास विकास के सैकड़ों बाशिंदे

मुरादाबाद-आवास विकास की योजना बुद्धि विहार फेज टू के सैकड़ों परिवारआए दिन लो वोल्टेज की परेशानियां झेल रहे हैं। बुद्धि विहार फेज टू में जहां तीन चार साल पहले तक हर सेक्टर में पचास से साठ परिवार रहते थे,जो अब बढ़कर तीन गुना हो चुके हैं लेकिन आवास विकास ने फेज टू के सेक्टरों में बिजली लोड के लिए अधिक क्षमता के ट्रांसफार्मरों की व्यवस्था नहीं कराई है। ऐसे में आए दिन हो रही फजीहत पर बिजलीअफसरों ने आवास विकास के बिजली अफसरों से अब तक लगाए गए ट्रांसफार्मर और उन पर चलने वाले लोड का ब्योरा मांगा है,जिससे बिजली व्यवस्था दुरुस्त हो जाए। भीषण गर्मी में इस बार आवास विकास की ओर से बिजली के जो इंतजाम किए,वे नाकाफी नजर आए। हालत यह है कि आवास विकास बिजलीघर वन व टू से सप्लाइ के बाद भी इस बार बुद्धि विहार फेज टू के अधिकांश सेक्टरों में लो वोल्टेज और बिजली ट्रिपिंग की दिक्कतें आई। आए दिन की दिक्कतों को लेकर आई शिकायतों पर अधीक्षण अभियंता नगर संजय गुप्ता के निर्देश आवास विकास एसडीओ ने आवास विकास अफसरों को पत्र भेजकर उनसे अब तक लगाए गए ट्रांसफार्मरों और उन पर चल रहे लोड के बारे में ब्योरा मांगा है जिससे बिजली व्यवस्था को बेहतर कराया जा सके।

# UP Board 10th Result : यूपी बोर्ड हाईस्कूल परीक्षा में मुरादाबाद की संस्कृति को मिला दूसरा स्थान, IAS बनना लक्ष्य



उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने आज यूपी बोर्ड 10वीं परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिए जिसमें मुरादाबाद की संस्कृति ठाकुर को दूसरा स्थान हासिल हुआ है। संस्कृति ठाकुर को प्रथम स्थान पाने वाले छात्र प्रिंस पटेल से महज एक नंबर कम मिला है। स्वाती ठाकुर ने बातया कि उन्होंने किया कैसे इसके लिए तैयारी की और आगे क्या बनना चाहती हैं। ूपी बोर्ड हाईस्कूल के करीब 27 लाख बच्चों में टॉप-10 में स्थान बनाने वाले कुल 27 बच्चे हैं जिनमें 19 लड़कियां और 8 लड़के हैं। यूपी बोर्ड 10वीं रिजल्ट में प्रथम स्थान कानपुर नगर के प्रिंस पटेल ने हासिल किया है। इस साल यूपी बोर्ड हाईस्कूल में कुल 88.18त्न परीक्षार्थी सफल हुए हैं। माध्यमिक शिक्षा निदेशक सरिता तिवारी और यूपी बोर्ड के सचिव दिव्य कांत शुक्ला रिजल्ट घोषित किया। संस्कृति ठाकुर ने बताया कि पिछले साल रहे कोरोना लॉकडाउन में थोड़ी दिक्कतों के बावजूद तैयारी के लिए अच्छा समय मिला। उन्होंने बताया कि जब कोई दिक्कत होती थी शिक्षकों को कॉल कर डाउट क्लीयर करते थे। संस्कृति ने बताया कि भविष्य में वह एक आईएएस अधिकारी बनना चाहते हैं। उन्होंने बताया कि परीक्षा में तैयारी के दौरान उनकी मां और शिक्षकों का भरपूर सहयोग मिला जिससे वह टॉप कर सकी हैं। यूपी बोर्ड हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षाएं 24 मार्च से 13 अप्रैल के बीच हुई थी। परीक्षाओं के लिए 51 लाख 92 हजार 689 छात्रों ने पंजीकरण कराया था, इनमें से 47 लाख 75 हजार 749 छात्रों ने परीक्षा में भाग लिया था। यूपी बोर्ड हाईस्कूल में पंजीकृत 27 लाख 81 हजार 654 विद्यार्थियों में 15 लाख 53 हजार 198 बालक और 12 लाख 28 हजार 456 बालिकाएं हैं जबकि इंटरमीडिएट में पंजीकृत 24 लाख 11 हजार 35 विद्यार्थियों में 13 लाख 24 हजार 200 बालक और 10 लाख 86 हजार 835 बालिकाएं हैं।

## अग्निपथ योजना के खिलाफ रालोद का कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन

मुरादाबाद-अग्निपथ योजना से सेना की भर्ती की तैयारियों में लगे युवाओं के साथ होने वाले खिलवाड़ संग तमाम आने वाली अव्यवहारिक दिक्कतों के चलते वापस लिए जाने की मांग को लेकर रालोद ने कलेक्ट्रेट पर धरना प्रदर्शन किया। उन्होंने डीएम के माध्यम से राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन भेजकर अग्निपथ योजना को सेना और देश हित में न होने की बात करते हुए केंद्र सरकार से वापस लेने की अपील की है। केंद्र सरकार की ओर सेना में भर्ती को शुरू की अग्निपथ योजना के खिलाफ विपक्षी राजनैतिक दल विरोध में उतर गए है। इसी कड़ी में शनिवार को राष्ट्रीय लोकदल की जिला व महानगर इकाई के पदाधिकारी आंबेडकर पार्क में एकत्र हुए और यहां से जुलूस की शक्ल में कलेक्ट्रेट पहुंचे और सरकार की योजना के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर नारेबाजी की। उन्होंने सरकार से बेतुकी इस योजना को तत्काल वापस लिए जाने की मांग की। इस दौरान उन्होंने डीएम के माध्यम से राष्ट्रपति को संबोधित पांच सूत्रीय ज्ञापन देकर इस योजना को देश के युवाओं के हित में न होने की बात करते हुए वापस लिए जाने की मांग की। धरना प्रदर्शन करने वालों में मनोज चौधरी,सैय्यद राशिद अली,शहनवाज मलिक, मोहम्मद अनवार मलिक, असलम अंसारी,पप्पू माली ,रिजवान मंसूरी, शहनवाज खान, फैसल खान,तस्लीम सिद्दीकी, अनस अंसारी, फहीम मलिक आदि मौजूद रहे।

क्यूँ न लिखूँ सच ( व्यूरो )


## अमृत योग सप्ताह'' कार्यक्रम के तहत योग शिविर का आयोजन



लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद/श्रावस्ती- जिलाधिकारी नेहा प्रकाश के निर्देशानुसार आजादी के अमृत महोत्सव एवं आठवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर ''अमृत योग सप्ताह'' कार्यक्रम के अन्तर्गत क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी 'डॉ अशोक कुमार पाण्डेय के अगुवाई में योग वेलनेस सेंटर सेमरा अकबरपुर श्रावस्ती द्वारा विकास खण्ड हरिहरपुररानी अन्तर्गत जूनियर हाईस्कूल मध्यम पटना खरगौरा में प्रातः कालीन सामूहिक योग शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रतिभागिओ को आयुष कॉमन योग प्रोटोकॉल का अभ्यास कराया गया। इस दौरान शिविर में योग प्रशिक्षक प्रवीण वर्मा, स्कूल के छात्र-छात्राओं सहित सैकड़ों योगाभ्यासियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## ठाकुरद्वारा में आंधी-बारिश से राहत, जलभराव से बढ़ी परेशानी



मुरादाबाद-शनिवार को मानसून की पहली बारिश हुई तो लोगों के चेहरे खिल उठे। तापमान में गिरावट आ गई लेकिन जगह-जगह जलभराव से राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। पिछले लगभग एक माह से भीषण उमस भरी गर्मी पड़ रही थी। शनिवार की सुबह काली घटाएं घिर कर आईं और मूसलाधार बारिश शुरू हो गई। बाजारों में भगदड़ मच गई। शनि बाजार में फड़ व्यापारी सामान उठाकर भागते नजर आए। कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल हो गया और बाद में सड़कों पर सन्नाटा पसर गया। दोपहर के बाद बारिश थमने पर फिर से चहल-पहल बढ़ी। लेकिन जलभराव से लोग परेशान हो उठे। सड़कों के गड्ढे में हुआ जलभराव- ठाकुरद्वारा। नगर से तिकुनिया बस स्टैंड, काशीपुर मुरादाबाद हाईवे के गड्ढों, सुरजन नगर शरीफ नगर रोड के गड्ढा में जलभराव हो जाने से राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। विद्युत आपूर्ति हुई प्रभावित- ठाकुरद्वारा। आंधी बारिश के दौरान नगर और ग्रामीण क्षेत्र की बिजली की आपूर्ति ठप हो गई। तकनीकी खराबी के चलते भी आधे शहर की बिजली ठप रही। लगातार बिजली संकट के चलते लोग बुरी तरह परेशान हो गए हैं।

## डिब्रूगढ़ राजधानी समेत 31 ट्रेनें रद, कई घंटों लेट

मुरादाबाद-अग्निपथ योजना का विरोध बढ़ने के कारण शनिवार को डिब्रूगढ़ राजधानी व हिमगिरी समेत 31 ट्रेनें रद रहीं। शनिवार को योजना के विरोध में बिहार भी बंद रहा। इसके चलते वहां से चलने वाली श्रमजीवी, मुजफ्फरपुर सप्तक्रांति, दानापुर-आनंद विहार, किसान एक्सप्रेस समेत तमाम प्रमुख ट्रेनों के पहिए थम गए। हिंसक प्रदर्शन देख रेलवे ने हावड़ा से चलने वाली ट्रेनों को भी रद कर दिया। अग्निपथ योजना के विरोध के कारण रेलवे की परेशानियां बढ़ गई हैं। रेल प्रशासन के अनुसार आंदोलन के चलते शनिवार को मूल स्टेशनों से चलने वाली ट्रेनों को रद किया गया है। सद्भावना रक्सौल-आनंद विहार( 14007 ),आनंद विहार -मालदा टाउन( 13430 ), दानापुर-आनंद विहार( 13257-58 ),श्रमजीवी राजगीर-नई दिल्ली( 12391-92 ),मुजफ्फरपुर-आनंद विहार सप्तक्रांति( 12557 ),अर्चना एक्सप्रेस ( 12355 ),अवध आसाम डिब्रूगढ़ से लालगढ़ ( 15909-10 ),न्यूजलपाईगुड़ी से नई दिल्ली ( 12523 ),किसान एक्सप्रेस फिरोजपुर-धनबाद( 13308 ), हरिहर एक्सप्रेस अंबाला-मुजफ्फरपुर ( 14524 ), सियालदाह जम्मूतवी-कोलकत्ता ( 13151-52 ), हिमगिरी हावड़ा-जम्मू ( 12331 ), कुंभ हावड़ा-देहरादून ( 12369 ), बाघ एक्सप्रेस हावड़ा-काठगोदाम ( 13019-20 ),अमरनाथ एक्सप्रेस जम्मू-गोरखपुर( 12588 ),नई दिल्ली-मॉडल टाउन( 14004 )।

www.knlslive.com

## पारिवारिक विवाद में डीएफओ के चालक ने खुद को गोली मारी, हालत गंभीर



मुरादाबाद-मुरादाबाद सिविल लाइंस के रामगंगा विहार स्थित वन विभाग कॉलोनी में शनिवार सुबह सात बजे डीएफओ के चालक आनंद सिंह( 50 ) ने पारिवारिक विवाद के चलते कनपटी पर तमंचा सटाकर खुद को गोली मार दी। पत्नी ने पुलिस की मदद से उन्हें कॉसमॉस अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस के मुताबिक, आत्महत्या की कोशिश करने वाले आनंद सिंह मूलरूप से रामपुर जनपद के लाडपुर गांव निवासी हैं। वह वर्तमान में पत्नी मीना देवी और बेटे ऋतिक के साथ सिविल लाइंस थानाक्षेत्र के रामगंगा विहार कॉलोनी स्थित वन विभाग कॉलोनी के सरकारी आवास में रहते हैं। इन दिनों उनकी तैनाती मुरादाबाद के डीएफओ के चालक के रूप में चल रही है। बताया जा रहा है कि शुक्रवार रात वह नशे में घर लौटे थे। इसी बात को लेकर पति पत्नी में विवाद हो गया था। पत्नी ने पुलिस को बताया कि इसके बाद वह दूसरे कमरे में सोने चले गए थे। शनिवार सुबह करीब सात बजे आनंद ने अपनी कनपटी पर तमंचा सटाकर गोली मार ली थी। फायरिंग की आवाज सुनकर पत्नी और बेटा कमरे में पहुंचे तो आनंद लहूलुहान अवस्था में पड़े थे। पत्नी ने इस मामले की सूचना पुलिस को दी। कुछ ही देर में पीआरवी 250 पर तैनात पुलिस कर्मी मौके पर पहुंच गए और घायल को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे गए और भर्ती करा दिया, जहां से हालत गंभीर होने पर चालक को रेफर कर दिया गया। इसके बाद चालक को कॉसमॉस अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सीओ सिविल लाइंस आशुतोष तिवारी ने बताया कि शुरुआती जांच पड़ताल व परिजनों से पूछताछ में पता चला है कि पारिवारिक विवाद के चलते चालक ने खुद को गोली मारी दी है। वह पिछले तीन साल से मुरादाबाद में डीएफओ के चालक के रूप में तैनात हैं। डॉक्टरों ने चालक की हालत गंभीर बताई है। मामले की जानकारी मिलने पर वन विभाग के अधिकारी और कर्मचारी भी कॉसमॉस अस्पताल पहुंच गए हैं।

## सुरजननगर में खाद के लिए सहकारी समिति पर लगी किसानों की भीड़



मुरादाबाद-शनिवार की सुबह से दोपहर तक सूर्य नगर क्षेत्र में लगातार बारिश होने से किसानों के चेहरे पर रौनक लौट कर आ गई। बारिश होते ही किसान सेवा सहकारी समिति सुरजन नगर पर खाद के लिए सुबह आठ बजे से ही किसानों की भीड़ लग गई। 10 बजते बजते सैकड़ों किसान अपने अपने वाहन और आधार कार्ड लेकर समिति में पहुंच गए। दस बजे समिति के एमडी रोहतास सिंह एवं खाद इंचार्ज सूर्यपाल समिति में पहुंचे। तब तक वहां पर कई सौ किसानों की भीड़ जमा हो चुकी थी। इसके बाद किसानों से आधार कार्ड जमा कर खाद का वितरण किया गया। पूर्व ग्राम प्रधान अनिल कुमार विश्नोई ने बताया कि बारिश से किसानों को बहुत लाभ मिला है। सिंचाई के लिए डीजल में जो पैसा लगाना पड़ रहा था वह बच गया। इसके साथ ही बढ़ते तापमान से परेशान ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है।

## नाबालिक लड़की के साथ छेड़छाड़

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद/श्रावस्ती-थाना क्षेत्र मल्हीपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत माल्ही चौराहा के निवासी केशव राम पुत्र हरिप्रसाद अपना मकान बनाकर वहीं पर रहे हैं बगल में मकान इब्राहीम पुत्र रशीद अहमद निवासी चौराहा कपड़े की दुकान चला रहे हैं इस संबंध में हरिप्रसाद थाना मल्हीपुर में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि मेरी नाबालिक लड़की को साफ सफाई करने के लिए इब्राहिम ने अपनी दुकान में बुलाया और लड़की साफ सफाई करने दुकान में गई तब उसे वहीं पर पकड़ कर छेड़छाड़ किया जो केशवराम द्वारा थाना मल्हीपुर में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग किया है थान मल्हीपुर के प्रभारी निरीक्षक हर्षवर्धन सिंह से बात करने पर बताया गया कि तहरीर मिली है और तहरीर के आधार पर मामला छेड़छाड़ का मुकदमा पंजीकृत किया गया है अभियुक्त की तलाश की जा रही है कहां।।

## भारतीय जनता पार्टी मोदी सपोर्टर्स संघ जिला अध्यक्ष नदीम इकबाल द्वारा हिंसक प्रदर्शन की कड़ी शब्दों में निंदा की



तकी रज़ा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद/बरेली-रिपब्लिक पार्टी ऑफ इंडिया जिला अध्यक्ष नदीम इकबा होटल वेलकम डीडी पुरम प्रेम नग प्रेस कार्यक्रम आयोजित किया गया नदीम इकबाल द्वारा टीम मोदी सपोर्टर संध ने कहा नूपुर शर्मा द्वारा दिए गए विवादित बयान पर भारतीय जनता पार्टी ने कार्रवाई करते हुए पार्टी से निष्कासित कर दिया जिसकी भारतीय जनता पार्टी की तारीफ की जाए तो कम है यह कहना भी जरूरी है कि नूपुर शर्मा जैसे नेताओं को हमारे देश के और हमारे साथियों पर भावनाओं को ठेस पहुंची है जिसकी जितनी निंदा की जाए वह कम है हमारा संगठन टीम मोदी सपोर्टर संघ जिला अध्यक्ष नदीम इकबाल एवं नईम खान टीम मोदी सपोर्टर संघ जिला महासचिव बरेली मुस्लिम समुदाय से अपील करता है अपने रब पर भरोसा करते हुए सब्र का दामन ना छोड़े शांति व्यवस्था बनाए रखें इंसाफ का इंतजार करें और मीडिया कर्मियों से भी अपील करते हैं भड़काऊ बयान बाजी को ना दिखाएं जिससे हमारे हिंदुस्तान जो एक गुलदस्ते में फूल की तरह है मैं मुरझाए नाऔर गंगा जमुना की तहजीब कायम रहे प्रेस वार्ता के दौरान प्रदेश प्रभारी नदीम इकबाल रिपब्लिक पार्टी ऑफ इंडिया एवं मुरादाबाद मंडल महामंत्री शाहीद खा उर्फ बॉबी एवं बरेली मंडल प्रभारी रहीम खान एवं जिला अध्यक्ष बरेली टीम मोदी सपोर्टर नईम खान जिला महासचिव टीम मोदी सपोर्टर संघ विशेष रूप से मौजूद है

www.knlslive.com

## ठाकुरद्वारा में संपूर्ण समाधान दिवस में गूंजा टैंपो चालकों की मनमानी का मुद्दा



मुरादाबाद-शनिवार को तहसील परिसर स्थित सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम परमानंद सिंह और डिप्टी एसपी आईपीएस सागर जैन ने फरियादियों की समस्याएं सुनी। इस दौरान उत्तराखंड के टैंपो चालकों की मनमानी का मुद्दा गूंजा। 54 शिकायत आई इनमें से एक का भी निस्तारण नहीं हो पाया। शनिवार को तहसील परिसर सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया। बस ऑपरेटर मोहम्मद इकराम, वरुण कुमार, आबिद अली, नजाकत हुसैन ने शिकायत की कि उत्तराखंड के टैंपो चालक यूपी का टैक्स अदा नहीं करते हैं। उनका यूपी का परमिट भी नहीं बना है। इसके बाद भी टैंपो संचालक तहसील मुख्यालय पहुंचकर सवारियां उठा ले जाते हैं। इससे बस ऑपरेटर्स को नुकसान उठाना पड़ रहा है। समाधान दिवस में कुल 54 शिकायतें आईं। इसमें से किसी का भी निस्तारण नहीं हो पाया। भारतीय किसान यूनियन कार्यकर्ता हरिद्वार रवाना होने की वजह से संपूर्ण समाधान दिवस में नहीं पहुंच पाए। भाकियू जिला महासचिव घनेंद्र शर्मा ने बताया कि यूरिया खाद की किल्लत को लेकर संपूर्ण समाधान दिवस में मुद्दा उठाया जाना था लेकिन हरिद्वार से वापस न लौट पाने के कारण भाकियू कार्यकर्ता संपूर्ण समाधान दिवस में नहीं पहुंच पाए।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

**क्यूँ न लिखूँ सच**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।
संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
Title Code : UPBIL05086
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

# आत्महत्या के लिए पत्नी को उकसाने के आरोप में पति गिरफ्तार

ग्यासुद्दीन

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



गौरेला पेण्ड्रा मरवाही- मामला थाना गौरेला का है । ग्राम पिपरिया निवासी वीर सिंह मार्को शराब पीकर अपनी पत्नी रेखा मार्को को प्रतिदिन मारपीट किया करता था। इन्ही सब से तंग आकर दिनाँक घटना को रेखा बाई मार्को घर मे कीटनाशक दवा का सेवन कर ली। जो अस्पताल में उपचार के दौरान ठीक न होकर उसकी मृत्यु हो गई। रिपोर्ट पर मर्ग कायम कर जांच पंचनामा कार्यवाही थाना गौरेला से किया गया था। आरोपी वीर सिंह मार्को के द्वारा अपनी पत्नी को मारपीट करना और प्रताड़ित करने पर प्रताड़ना से तंग आकर आत्महत्या करना बताए । जिस पर से अपराध 252/22 धारा 306 भादवि कायम किया गया। प्रकरण के हालात से थाना प्रभारी गौरेला के द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। *पुलिस अधीक्षक श्री त्रिलोक बंसल* एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमति अर्चना झा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस गौरेलाकजक अशोक वाडेगावकर के मार्गदर्शन में थाना गौरेला की टीम द्वारा वीर सिंह मार्को पिता पवन सिंग मार्को उम्र 24 साल निवासी पिपरिया को धारा 306 भादवि के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में भेजा गया है।

# चोरी की मोटर सायकल सहित 1 आरोपी गिरफ्तार, थाना झिलमिली पुलिस की कार्यवाही

रामचंद्र जायसवाल

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच





सूरजपुर- दिनांक 23.05.2022 को ग्राम खर्रा ओड़गी निवासी प्रकाश रजक ने थाना झिलमिली में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 07 मई को ग्राम दवनसरा से शादी का निमंत्रण देकर वापस लौटने के दौरान थकावट व नींद लगने के कारण दर्रीपारा गौशाला के पास अपनी प्लेटिना मोटर सायकल खड़ी कर सो गया सोकर उठा तो देखा कि मोटर सायकल वहां नहीं था किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 70/22 धारा 379 भादसं. के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। मामले की सूचना पर अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू ने चोरी के आरोपी को जल्द पकड़ने के निर्देश थाना प्रभारी को दिए थे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर व एसडीओपी ओड़गी राजेश जोशी के मार्गदर्शन में मोटर सायकल चोर की पतासाजी की जा रही थी इसी बीच मुखबीर से सूचना मिला कि मोटर सायकल मानपुर निवासी संजय सोनवानी के द्वारा चोरी किया गया है, सूचना पर पुलिस ने संजय सोनवानी पिता दिगम्बर सोनवानी उम्र 28 वर्ष निवासी मानपुर सूरजपुर को घेराबंदी कर उसके घर के पास से पकड़ा। पूछताछ पर आरोपी ने मोटर सायकल चोरी करना स्वीकार किया जिसके निशानदेही पर चोरी की मोटर सायकल कीमत 60 हजार रूपये का जप्त कर उसे गिरफ्तार किया है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी झिलमिली सी.पी.तिवारी, एएसआई धनेश्वर कुशवाहा, भास्कर लकड़ा, आरक्षक भावेश आर्मो, नबीन लकड़ा व दिलपाल कसेरा सक्रिय रहे।

# राजस्व अमला द्वारा अवैध अतिक्रमण हटाया गया

रामचंद्र जायसवाल

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- सूरजपुर तहसीलदार की अगुवाई में आज न्यू सर्किट हाउस एवं मानपुर क्षेत्र में किए गए अवैध अतिक्रमण को हटाया गया है। इस दौरान तहसीलदार संजय राठौर, नीरज कांत तिवारी, नायब तहसीलदार मोहम्मद इसराइल, पटवारी रामानंद गोयल, निर्मल तिवारी, कोटवार नयन दास, पुलिस अमला सहित अन्य उपस्थित थे। राजस्व अमला द्वारा निरंतर अवैध तरीके से किए गए कब्जा एवं अतिक्रमण को हटाया जा रहा है। तहसीलदार श्री नीरज कांत तिवारी ने बताया कि जिन लोगों ने अवैध तरीके से अतिक्रमण कर शासकीय जमीन को कब्जा किया हुआ है उन्हें अतिक्रमण एवं कब्जा हटाने कहा गया है। नहीं हटाने पर कार्यवाही राजस्व अमला द्वारा की जाएगी जो कि निरंतर की जा रही है।

क्यूँ न लिखूँ सच

# एसएसपी उदय शंकर सिंह ने 3 निरीक्षको के किए तबादले

निशाकांत शर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- निरीक्षक शंभूनाथ सिंह-पुलिस लाइन एटा से वाचक वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा, निरीक्षक अनिल कुमार सिंह - वाचक वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा से प्रभारी निरीक्षक मोनिटरिंग सेल ( अतिरिक्त प्रभारी डीसीआरबी/ माल निस्तारण सेल ) निरीक्षक विनोद कुमार प्रभारी निरीक्षक थाना रिजोर एटा के जनपद एटा से जनपद आगरा स्थानांतरण पर कार्यमुक्त हुए रिक्ति पद के सापेक्ष राजकीय कार्यहित में, निरीक्षक गजराज सिंह को तत्काल प्रभाव से अग्रिम आदेश तक प्रभारी मोनिटरिंग सेल से प्रभारी निरीक्षक थाना रिजोर एटा के पद पर नियुक्त किया गया है।

# नहीं रहे वरिष्ठ पत्रकार अजय पालीवाल,एटा के पत्रकारों में छाया शोक दी भावभीनी श्रद्धांजलि

निशाकांत शर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा- एटा के वरिष्ठ पत्रकार श्री अजय पालीवाल निवासी गांधी मार्केट एटा का विगत दिनांक 17 जून 2022 को दोपहर 12 बजे बीमारी के कारण निधन हो गया। उनके पार्थिव शरीर को पुलिस लाइन स्थित उनके भतीजे शलभ पालीवाल के आवास पर शाम तक दर्शनार्थ रखा गया। अजय पालीवाल के निधन का समाचार सुनकर एटा के पत्रकारों में शोक की लहर दौड़ गयी तथा शलभ पालीवाल के निवास स्थान पर पहुंचकर काफी पत्रकारों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। उनका अंतिम संस्कार एटा के श्मशान घाट भूतेश्वर पर किया गया। उनकी शवयात्रा अनेकों पत्रकार, साहित्यकार, अधिवक्तागण, शुभचिंतक एवं निकटतम सम्बंधियों उपस्थित होकर अंतिम विदाई दी। उल्लेखनीय है कि श्री अजय पालीवाल पेशे से अधिवक्ता भी थे अत: उनके निधन पर कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन में भी एक शोक सभा का आयोजन किया गया और सभी अधिवक्तागण अपने कार्य से विरत रहे। वरिष्ठ पत्रकार अजय पालीवाल के निधन पर राष्ट्रीय कोहिनूर कार्यालय पर एक शोक सभा का आयोजन किया गया जिसमें वरिष्ठ पत्रकारगण श्री सुधीर सक्सैना, सुनील मिश्रा, मदन गोपाल शर्मा, प्रमोद लोधी, आर.बी. दुबे, वीरेन्द्र गहलौत, राजेश दीक्षित, नीतेश यादव, दिनेश चन्द्र शर्मा, चंचल लोधी सहित अनेकों पत्रकारों ने शोक व्यक्त किया। राष्ट्रीय कोहिनूर परिवार स्वर्गवासी आत्मा की शांति एवं शोकाकुल परिवार के धैर्य हेतु कामना करता है।

# प्लांटेशन लगाए गए सागौन के पौधे लगातार कट रहे, विभाग किया मौन धारण

रामचंद्र जायसवाल

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर- बिहारपुर अंतर्गत प्लांटेशन मे लगाए गए सागौन के पौधे अब पेड़ हो चुके हैं। जिसे अतिक्रमणकारियों ने पूरे गर्मी भर उसे काटने का काम कर रहे हैं। शासन ने लाखों-करोड़ों रुपए खर्च करके हर साल प्लांटेशन में पौधारोपण का कार्य कराती है और पौधारोपण होने के बाद जब वह पेड़ हो जाते हैं तो कुछ अतिक्रमणकारियों ने उसे काटकर नष्ट कर देते हैं। ग्राम पंचायत पेंडारी मैं ऐसे ही एक मामला आया है जहा आज चार-पांच साल पहले लगाए गए सागौन के पौधे अब बड़े-बड़े पेड़ हो चुके हैं। जिसे अतिक्रमणकारियों ने घर के छावनी और कुछ जलाओ के रूप में काटकर दिन प्रतिदिन सागौन के बड़े-बड़े पेड़ों को काटकर पर्यावरण को संकट में डाल रहे हैं। इसी अतिक्रमणकारियों के खिलाफ अगर वन विभाग को सूचना दिया जाता है तब विभाग द्वारा कभी-कभी सिपाहियों को भेज दिया जाता है। बिहारपुर रेंज ऑफिस में इस संबंध में सागौन के पेड़ काटते समय ही सूचना दिया जाता है परंतु वन विभाग के द्वारा इन लोगों पर कोई कार्यवाही नहीं कि जाती है।

# प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर ED के दुरूपयोग पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया

ग्यासुद्दीन

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



गौरेला पेंड्रा मरवाही- जनविरोधी भाजपा सरकार द्वारा कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर किये जा रहे श्वष्ठ के दुरूपयोग और मोदी सरकार के इशारों पर दिल्ली पुलिस द्वारा,द्बष्ट के मुख्यालय में जबरन घुसकर किये गए लाठीचार्ज और तानाशाही कार्यवाही के विरोध में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का कार्यक्रम दुर्गा चौक बस स्टैंड पेण्ड्रा में रखा गया है। विदित हो कि कुछ दिनों से लगातार केंद्र सरकार के इशारे पर बिना किसी एफआईआर के ईडी के द्वारा कांग्रेस नेता राहुल गांधी को पूछताछ के नाम पर परेशान किया जा रहा है ।जिसका लोकतांत्रिक तरीके से विरोध करने कांग्रेस नेताओं पर दिल्ली पुलिस के द्वारा कांग्रेस कार्यालय पर घुसकर लाठीचार्ज किया जाता है जिसके विरोध में आज ब्लॉक कांग्रेस पेण्ड्रा के द्वारा एकदिवसीय धरना दिया गया व छत्तीसगढ़ के महामहिम राज्यपाल के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया। धरना प्रदर्शन व ज्ञापन देने के समय ब्लॉक अध्यक्ष प्रशांत श्रीवास पार्षद इक़बाल सिंह जिला प्रवक्ता सादिक़ खान पार्षद जयदत्त तिवारी एल्डरमैन ओमप्रकाश बंका एल्डरमैन जेलेश सिंह एल्डरमैन मदन सोनी पार्षद मीडिया प्रभारी रईस खान जिला सचिव आशीष केशरी शारदा चरण पसारी संयुक्त महामंत्री सिद्धार्थ तिवारी पार्षद प्रेमवती कोल रेखा रंजन विद्या राठौर सहित कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे।

# कालेज के प्रधानाचार्य कुं0 विजय सोलंकी का आकस्मिक निधन

निशाकांत शर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-कासगंज जिले के प्रख्यात कालेज कुं0 रघुवीर सिंह इंटर कालेज पिथनपुर सिढ़पुरा के प्रधानाचार्य 60 वर्षीय कुं0 विजय सोलंकी का गत 16/17जून की रात्रि हार्ट अटैक से आकस्मिक निधन हो गया। विजय सोलंकी जिले के रसूखदार क्षत्रिय परिवार से सम्बंध रखते थे तथा क्षत्रिय समाज के अग्रणी युवा नेता कु0 सुनील सोलंकी के बड़े भाई थे। उनके निधन की खबर सुनते ही अनेक साथी संगी सहित विधायको पत्रकारों एवं अनेक पूर्व छात्र नेताओं ने दिवंगत आत्मा की शांति के उनके शिवपुरी स्थित आवास पर पहुंच कर शोक संवेदना व्यक्त की। गौरतलब है कु विजय सोलंकी खुशदिल मिजाज एकरँगा स्वभाव की शख्सियत थे। 90 के दशक की छात्र राजनीति में इन्होंने विश्व विद्यालय आगरा की छात्र राजनीति में असरदार नाम रहा। जे एलएन कालेज एटा से शुरू की छात्र राजनीति से आगरा तक इनका नाम रहा। 19 85 के प्रवेश सम्बन्धी छात्र आंदोलन में इन्होंने अपने एटा के पूर्व छात्र नेताओं के साथ हजारों छात्रों की आंदोलनकारी प्रदर्शन में अग्रणी भूमिका निभाई थी। परिणाम स्वरूप एटा के तत्कालीन प्रशासन को एटा के छात्र नेताओं को लेकर तत्कालीन वाइस चांसलर डॉ अगम प्रसाद माथुर के साथ बैठक कर आंदोलन वापिस हो सका था और प्रबंध समिति की हठधर्मिता पराजित कर प्रवेश समस्या का समाधान हो सका।उस समय कु विजय सोलंकी, राजू उपाध्याय, विनायक श्रीवास्तव, आगरा के अरुण सोलंकी खेमचंद्र वार्ष्णेय, राजेन्द्र शर्मा, सहित अनेक छात्र नेता साथ रहे।

■ 90 के दशक में आगरा विश्व विद्यालय के चर्चित छात्र नेता रहे थे विजय सोलंकी

प्रशसनिक पक्ष से डीएम पीके मिश्रा एवं तत्कालीन एसएसपी विक्रम सिंह ने उक्त आंदोलन आगरा यूनिवर्सटी में बैठक कर परस्पर समन्वय से स्थगित कराया था। विजय सोलंकी छात्र राजनीति से कांग्रेस राजनीति में आ गये उसके बाद कैरियर के रूप में शैक्षिक जगत को चुना सिढ़पुरा के इंटर कालेज के प्रधानाचार्य बने। व्यक्तिगत रूप से इन पंक्तियों को लिखते हुये मुझे बेहद कष्ट हुआ है। अपने अजीम दोस्त का यूँ अचानक अलविदा कहना दिल को कतई रास नही आ रहा। लंबे जीवन संघर्ष में विजय हमेशा ताउम्र अपनेपन से बेहद अपनेपन से हमसे बावस्ता रहे।

# स्कूल बसों द्वारा परिवहन नियमों का पालन नहीं करने पर 7 वाहनों पर की गई 30 हजार 7 सौ रूपए की चालानी कार्रवाई





ग्यासुद्दीन

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला पेंड्रा मरवाही- प्रदेश स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव 16 जून से जिले के सभी विद्यालय प्रारंभ हो गए है। स्कूली बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए स्कूल बसों के परिचालन में परिवहन नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी और पुलिस अधीक्षक श्री त्रिलोक बंसल ने दिए है। कलेक्टर-एसपी के निर्देशानुसार ज़िला परिवहन अधिकारी एवं ट्रैफिक प्रभारी के द्वारा आज संयुक्त रूप से अमरकंटक मार्ग में स्कूल बसों की जांच की गयी। जांच अधिकारियों ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा स्कूल बसों के लिए 16 बिन्दुओं पर जारी दिशा-निर्देशों का पालन के संबंध में जांच की। जांच के दौरान स्कूली बच्चों का क्षमता से अधिक परिवहन किए जाने, चालक-परिचालक द्वारा निर्धारित पोशाक धारण, फ़िट्नेस, परमिट आदि नियमों का पालन नहीं करने पर 7 बसों पर 30 हजार 7 सौ रूपए की चालानी कार्रवाई की गई। जिला परिवहन अधिकारी श्री विवेक सिंहा ने बताया कि मां कल्याणिका पब्लिक स्कूल गौरेला की 5 बसों एवं डीएवी स्कूल सारबहरा की 2 स्कूल वाहनों पर चालानी कर्रवाई की गई। इसके साथ ही वाहनों के अन्य दस्तावेजों की भी जांच की गई। बसों में आने वाले बच्चों की सूची, बसों में बच्चों के बैग रखने के लिए पर्याप्त स्थान, अग्निशमन यंत्र, फर्स्ट एड बॉक्स आदि जांच की गयी तथा उन्हें परिवहन नियमों का समुचित पालन करने के निर्देश दिए गये।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्यूरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# सन 2024 के लोकसभा के चुनावों में कांग्रेस को अपनी औकात का पता लग जाएगा-ठाकुर राकेश कुमार सिंह

लवकुश ठाकुर

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



अलीगढ- भाजपा किसान मोर्चा महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने साफ कहा है कि जो भी अलीगढ़ एवं आसपास के जिलों में अराजकता हुई है इसके पीछे विरोधी दलों का हाथ है उन्होंने यह भी कहा है कि कांग्रेश वामपंथी दल देश में प्रदेश में हर जिले में अराजकता का माहौल पैदा करना चाहते हैं बहुत छोटी मानसिकता के विरोधी दलों के नेता हैं इनके पास चुनाव लड़ने के लिए कोई मुद्दा नहीं इनके पास कोई एजेंडा नहीं अराजकता का माहौल पैदा करने के लिए क्षेत्र में जनता को आपस में लड़ाने के लिए कांग्रेस की हमेशा रणनीति रही है जो भी अराजकता अलीगढ़ के अंदर हुई अन्य पड़ोसी जिलों के अंदर हुई यह सब कांग्रेश समेत सभी विरोधी दलों की साजिश है सरकार को बदनाम करने की साजिश है सन 2024 में लोकसभा का चुनाव आ रहा है भाजपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने यह भी कहा है कि जैसे उत्तर प्रदेश से जैसे कांग्रेस साफ हुई है उसी तरह से देश से भी कांग्रेश जीरो हो जाएगी सन 2024 के लोकसभा के चुनावों में कांग्रेस को अपनी औकात की पता लग जाएगी जो गुंडागर्दी अराजकता माफिया गिरी योगी मोदी जी के शासन में बर्दाश्त नहीं की जाएगी

# 30 जून 2022 तक केवल 5 किग्रा चावल प्रति यूनिट का होगा निशुल्क वितरण

निशाकांत शर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- जिला पूर्ति अधिकारी राजीव कुमार मिश्र ने सर्वसाधारण को सूचित किया है कि शासन द्वारा वर्तमान में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के अंतर्गत समस्त अंत्योदय एवं पात्र गृहस्थी योजना के राशन कार्डधारकों को उनके राशन कार्ड में दर्ज की यूनिट के सापेक्ष माह मई 2022 हेतु आवंटित पी0एम0जी0के0ए0वाई0 योजना का वितरण माह जून 2022 में केवल 5 किग्रा चावल प्रति यूनिट का निशुल्क वितरण दिनांक 19 जून 2022 से 30 जून 2022 के मध्य प्रात: 6 से सांय 9 तक कराया जाएगा। उन्होंने बताया उचित दर विक्रेता द्वारा दुकान पर साबुन एवं पानी की पर्याप्त मात्रा रखी जाएगी तथा कार्डधारकों के हाथ धुलवाने के पश्चात ही ई0पॉस पर बायोमेट्रिक ट्रांजैक्शन किया जाएगा। वितरण के समय कोविड-19 प्रोटोकॉल का अनुपालन किया जाएगा। समस्त कार्डधारकों से अनुरोध है कि वितरण के दौरान उचित दर दुकान पर एक साथ भीड़ एकत्रित ना करें तथा एक दूसरे के मध्य कम से कम 2 गज की दूरी बनाए रखें। उचित दर विक्रेताओं द्वारा दुकान पर एक साथ भीड़ इकट्ठी ना हो इसके लिए टोकन सिस्टम का प्रयोग किया जाए। कार्डधारक हाथ धुलने के पश्चात ही मशीन पर अंगूठा निशानी मैच कराएं एवं वितरण कार्य में विक्रेता तथा नोडल अधिकारी का पूर्ण सहयोग प्रदान करें। उपरोक्त योजना के अंतर्गत राशन वितरण से संबंधित किसी भी समस्या या जानकारी के लिए जिला पूर्ति अधिकारी आलय एटा में स्थापित कंट्रोल रूम की मोबाइल नंबर 7839564617 संपर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# जैथरा पुलिस द्वारा अवैध कच्ची शराब के विरुद्ध अभियान चलाकर 10000 लीटर लहन को किया नष्ट

निशाकांत शर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-थाना जैथरा पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई की काली नदी के किनारे अवैध शराब बनाने की भट्टी चल रही हैं। इस सूचना पर थाना जैथरा पुलिस द्वारा पर्याप्त पुलिस बल के साथ तत्काल घटनास्थल पर पहुंच दबिश दी गई तो पुलिस को देख शराब बनाने वाले 3- 4 लोग नदी में कूदकर भागने में सफल रहे। घटनास्थल पर मिली करीब 10000 लीटर लहन को नष्ट कर शराब बनाने के उपकरणों को बरामद कर । फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास सहित थानास्तर से आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।